卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 230 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦27 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान बना रहा उत्तराखंड: धामी

## मुख्यमंत्री ने वितरित किये एसडीजी अचीवर्स अवार्ड, सोबन सिंह जीना विवि में प्रशासनिक भवन एवं कुलपति आवास का किया लोकार्पण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उदय शंकर नाट्य अकादमी में आयोजित एसडीजी अचीवर्स अवार्ड 2024-25 समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया। उदय शंकर नाट्य अकादमी में आयोजित एसडीजी अचीवर्स अवार्ड 2025 समारोह का मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को एसडीजी अचीवर्स अवार्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गत वर्ष एसडीजी अवार्ड से सम्मानित व्यक्तियों एवं संस्थाओं की प्रेरणादायी कहानियों पर आधारित पुस्तक 'अग्रगामी 3.0' का विमोचन भी किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की उपलब्धियों को साझा किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड आज हर क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है और नीति आयोग के मानकों में भी राज्य ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्राप्त करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों, सौर ऊर्जा, स्मार्ट सिटी मिशन, ग्रामीण आजीविका और स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से विकास को नई गति दे रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में विकास के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को भी समान प्राथमिकता दी जा रही है।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि नीति आयोग के मानकों में उत्तराखंड का पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार समग्र विकास की ओर अग्रसर है और (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय को मिली आधुनिक प्रशासनिक भवन की सौगात

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं कुलपति आवास का लोकार्पण कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक भवन अब विश्वविद्यालय की प्रशासनिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य



सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, सुदृढ़ और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोबन सिंह जीना (शेष पृष्ठ सात पर)

## खड़े ट्रक में भीषण आग, लाखों की क्षति

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के तेलीपुरा रोड स्थित ट्रक यूनियन के पास मंगलवार शाम सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया



और ट्रक धू धू कर जलने लगा। आग की ऊंची लपटें और काला धुआं दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या यूके 04 सीबी 1531 में अज्ञात कारणों से आग लगी। घटना शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले ट्रक से धुआं उठता दिखाई दिया, लेकिन कुछ ही देर में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। जिस स्थान पर ट्रक खड़ा था, उसके आसपास कई अन्य ट्रक भी खड़े थे, जिससे बड़े हादसे की आशंका (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल की आग में झुलसी महिला की मौत

### दूसरी महिला घायल, लगातार बढ़ रही वनाग्नि से बढ़ी चिंता

आदिबदरी (उद संवाददाता)। चमोली जिले के आदिबदरी तहसील क्षेत्र के बूंगा गांव में जंगल की आग की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नारायणबगड़ क्षेत्र में एक अन्य महिला आग में झुलस गई। दोनों घटनाओं के बाद क्षेत्र में वनाग्नि को लेकर चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार बूंगा गांव के बदाढ़गाड जंगल में मंगलवार दोपहर से आग लगी हुई थी। ग्रामीण पुष्कर लाल ने बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे गांव निवासी मदन लाल की पत्नी 50 वर्षीय सुरेशी देवी गांव से करीब 200 मीटर दूर स्थित अपनी गौशाला की ओर जा रही थीं। इसी दौरान तेज हवा चलने



के कारण जंगल की आग तेजी से फैल गई और महिला उसकी चपेट में आ गई। बताया गया कि महिला आग की लपटों में बुरी तरह घिर गई और गंभीर रूप से झुलस गई। महिला की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे आग से बाहर निकालकर घर लाए। ग्रामीण उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना रात में ही क्षेत्रीय पटवारी और वन विभाग को दे दी गई थी। बताया जा रहा है कि वन विभाग की टीम देर रात गांव पहुंच गई थी और मामले की जानकारी जुटाई गई। वहीं दूसरी घटना नारायणबगड़ क्षेत्र के रेस चोपता गांव (शेष पृष्ठ सात पर)

## बस की चपेट में आने से महिला तीर्थयात्री की मौत

गौचर (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा मार्ग पर बुधवार को गौचर ग्राउंड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक अनियंत्रित बस ने महिला को कुचल दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के पचोखरा निवासी 67 वर्षीय राजकुमारी पत्नी शशिकांत शर्मा अपने परिजनों के साथ 15 मई को चारधाम यात्रा पर निकली थीं। बताया गया कि वह ऋषिकेश से बस के माध्यम से बदरीनाथ धाम जा रही थीं। इसी दौरान गौचर ग्राउंड के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक बस (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रशासन की सख्ती के बावजूद कुर्बानी के लिये लाये गये जानवर!

## बकरीद से पहले कुर्बानी के लिये रखे गये बड़े जानवरों का वीडियो वायरल, प्रशासन की बढ़ी चिंता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बकरीद से पहले रुद्रपुर में कुर्बानी के लिए लाए गए बड़े जानवरों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। शहर में एक स्थान पर बड़े पैमाने पर भैंसों की मौजूदगी को लेकर अब चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि नगर निगम प्रशासन की ओर से कराई गई वीडियोग्राफी में शहर के कुछ स्थानों पर कुर्बानी के लिये लाये गये भैंसे दिखाई दिए हैं, जिनकी बाकायदा नंबरिंग भी की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में भारी संख्या में जानवर एक स्थान पर नजर आ रहे हैं। इसके बाद प्रशासनिक तैयारियों और घोषित व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल बीते दिवस नगर निगम सभागार में बकरीद को लेकर आयोजित बैठक में तय हुआ था कि इस बार केवल चार चिन्हित स्थानों पर ही सांकेतिक रूप से कुर्बानी की अनुमति दी जाएगी। बैठक में हाईकोर्ट की गाइड लाइन का हवाला देते हुए खुले में कुर्बानी, गंदगी फैलाने और नियमों के उल्लंघन (शेष पृष्ठ 7 पर)





## सांकेतिक परंपराओं की बढ़ती मांग के बीच कुर्बानी पर छिड़ी बहस

रूद्रपुर। समाज के कई लोगों का कहना है कि हिंदू समाज में वर्षों से चली आ रही बलि संबंधी परंपराओं और आयोजनों पर अब काफी हद तक रोक लग चुकी है तथा लोग अपने धार्मिक आयोजनों को सांकेतिक रूप से मनाकर परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में बकरीद पर बड़े और भारी भरकम जानवरों की कुर्बानी को लेकर भी बहस तेज हो रही है। लोगों का मानना है कि आधुनिक समाज को संवेदनशीलता, सौहार्द और मानवीय मूल्यों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उनका कहना है कि यदि त्योहारों को सांकेतिक रूप से मनाया जाए तो धार्मिक आस्था और परंपराएं भी कायम रहेंगी तथा समाज में हिंसा और क्रूरता का संदेश जाने से भी बचा जा सकेगा।

# कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित 21वीं कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के तीसरे एवं चौथे दिन फॉइल स्पर्धाओं के मुकाबले रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहे। देशभर से पहुंचे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने कैडेट मेन्स एवं वुमेन्स फॉइल सिंगल्स तथा टीम स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। फॉइल स्पर्धाओं के पदक वितरण समारोह में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं उत्तराखंड कंसल्टेटिव कमेटी सदस्य एफसीआई एवं खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य भूपेंद्र सहगल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कैडेट वुमेन्स फॉइल व्यक्तिगत स्पर्धा में महाराष्ट्र की जीजाऊ पाटिल ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। चंडीगढ़ की जिया शर्मा ने रजत पदक हासिल किया, जबकि चंडीगढ़ की हितैशी और रूबी चमोली ने कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं कैडेट मेन्स फॉइल व्यक्तिगत स्पधार्ा में हरियाणा के विवेक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एफएआई के मेयाश महलान ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि हरियाणा के युवराज सैनी एवं मणिपुर के लामयानबा कोनसम ने कांस्य पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में कैडेट वुमेन्स फॉइल वर्ग में चंडीगढ़ की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा की टीम उपविजेता रही। मणिपुर एवं महाराष्ट्र की टीमों ने कांस्य पदक प्राप्त किए। वहीं कैडेट मेन्स फॉइल वर्ग में हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एफएआई की टीम को रजत पदक मिला, जबकि उत्तर प्रदेश एवं मणिपुर की टीमों ने कांस्य पदक हासिल किए। इस अवसर पर पंकज उपाध्याय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं और उन्हें भविष्य में देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करती हैं। भूपेंद्र सहगल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन से रुद्रपुर एक बार फिर खेल मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज करा रहा है।





## शीतल मीठे जल के साथ बांटे चने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में गांधी पार्क के सामने श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को चने एवं मीठे शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और जनसेवा के इस पुनीत कार्य की सराहना की। प्रमोद मित्तल ने कहा कि बड़े मंगलवार का पर्व सेवा, समर्पण एवं मानवता की भावना का प्रतीक है। इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सहयोग की भावना



को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।कार्यक्रम में ललित दुम्का, ओमप्रकाश चौधरी, कुशल अग्रवाल, प्रमोद यादव, सुनील पचौरी, निखिल चंडोक, गुलशन नारंग, करन अरोरा, मनीष मित्तल एडवोकेट, अमित मित्तल, अनुराग शर्मा, शिवांश अग्रवाल, उदय वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## कॉर्बेट में हाथियों की गणना शुरू, 72 बीटों में जुटीं टीमें

रामनगर (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मंगलवार से हाथियों की गणना का विशेष अभियान शुरू हो गया। पार्क प्रशासन द्वारा यह अभियान 26 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत रिजर्व क्षेत्र की सभी 72 बीटों में हाथियों की संख्या, उनकी गतिविधियों और निवास क्षेत्रों का आकलन किया जाएगा। इस कार्य में 150 से अधिक वनकर्मी और वन्यजीव विशेषज्ञ लगाए गए हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ साथ हाथियों की भी नियमित गणना कराई जाती है। पार्क प्रशासन के अनुसार वर्ष 2015 में हुई गणना में कॉर्बेट लैंडस्केप क्षेत्र में लगभग 850 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई थी, जबकि वर्ष 2020 की गणना में यह संख्या बढ़कर 1226 से अधिक पहुंच गई थी। ऐसे में इस बार की गणना को वन विभाग और वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्क प्रशासन के मुताबिक इस बार हाथियों की गणना वैज्ञानिक पद्धति



से कराई जा रही है। इसके लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का सहयोग लिया जा रहा है। प्रत्येक रेंज में अलग अलग टीमें गठित की गई हैं, जिनमें वनकर्मियों के साथ संस्थान के शोधकर्ता भी शामिल हैं। ये टीमें हाथियों की गतिविधियों, मूवमेंट, झुंड की संख्या तथा उनके निवास क्षेत्रों का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार करेंगी। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि पिछली गणना के अनुसार पूरे कॉर्बेट लैंडस्केप में 1200 से अधिक हाथी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस बार गणना कार्य शुरू होने से पहले वनकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि आंकड़ों में अधिक सटीकता लाई जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जुटाए गए सभी आंकड़े वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को भेजे जाएंगे, जिसके आधार पर पूरे उत्तराखंड में हाथियों की वास्तविक संख्या का आकलन किया जाएगा। पार्क प्रशासन का मानना है कि यह अभियान वन्यजीव संरक्षण और हाथियों के सुरक्षित आवास प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। कॉर्बेट में हाथियों की लगातार बढ़ती संख्या को वन्यजीव संरक्षण की सफलता माना जा रहा है। यही कारण है कि इस बार की गणना पर वन विभाग के साथ साथ वन्यजीव विशेषज्ञों की भी विशेष नजर बनी हुई है।

## मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर 135 स्थानों पर लगाए जागरूकता शिविर

### सरोज देवी फाउंडेशन ने मई माह को 'मेनस्टुअल हाइजीन मंथ' के रूप में मनाया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सरोज देवी फाउंडेशन द्वारा पूरे मई माह को 'मेनस्टुअल हाइजीन मंथ' के रूप में मनाते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांवों, कॉलोनियों, स्कूलों तथा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कुल 135 स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने तथा आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही हजारों महिलाओं एवं बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन और मेनस्टुअल हाइजीन किट भी वितरित किए गए। यह अभियान डॉ. उषा नरेंद्र जैन के मार्गदर्शन में उनकी टीम द्वारा संचालित किया गया। अभियान को सफल बनाने में राधा सुभाष, कविता रावत, सीता सुनील चौरसिया, ममता नेगी, दुर्गा यादव, रूपा रानी, सुमन तिवारी, सुनीता सैनी, सरोज सागर, पूनम सिंह, श्वेता ठाकुर,




अलका गाबा, नीरमति देवी और अनीता देवी सहित अनेक महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन महिलाओं से जुड़ी बीमारियों के मामलों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं में यूटीआई, सर्वाइकल कैंसर, पीसीओडी, इंटिमेट एरिया संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी, अस्वच्छता और समय पर सही जानकारी का अभाव है। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिदिन लगभग पांच से आठ लाख नए यूटीआई के मामले सामने आते हैं। गर्भावस्था के दौरान भी बड़ी संख्या में महिलाएं इस समस्या से प्रभावित होती हैं। वहीं सर्वाइकल कैंसर को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रतिदिन लगभग 350 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित पाई जाती हैं और 200 से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार भारत में हर आठ मिनट में एक महिला की मृत्यु सर्वाइकल कैंसर के कारण होती है। डॉ. जैन ने कहा कि यदि महिलाओं और किशोरियों को समय रहते सही जानकारी और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए तो इन बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेनेटरी उत्पादों के उपयोग और किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी।

## जहीर अंसारी बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा समिति के प्रदेश सह संयोजक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड द्वारा मोदी सरकार के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल और जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु गठित प्रदेश स्तरीय समिति में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी को प्रदेश सह-संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस जिम्मेदारी के मिलने पर श्री अंसारी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ और संगठन का धन्यवाद करते हुए कहा पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताते हुए यह जिम्मेदारी दी है वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभायेंगे। मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना है। घ्प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ द्वारा गठित इस समिति में गुरप्रीत छावड़ा (प्रदेश संयोजक) के साथ जहीर अंसारी सह संयोजक के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। साथ ही श्रीमती शमीना सिद्दीकी, सलमान अंसारी, दिलशाद देहान और आरिफ हुसैन को समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। घ्श्री अंसारी ने विश्वास दिलाया कि वे पूरी ऊर्जा के साथ आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए काम करेंगे और भाजपा की विचारधारा व सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।




SAHAS Homeo

साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन

बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग

अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस

बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना

साहस होम्यो क्लीनिक

निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


## वह व्यवहार औरों से ना करें जो स्वयं पर अच्छा न लगे : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर ही सत्य है। समस्त संसार मिथ्या है। परमात्मा को प्राप्त सत्पुरुष में दिखने वाले गुण भी सत् है । जैसे सद्गुण, सद्भाव, सद्विचार, सदव्यवहार व सत्यभाषण इत्यादि जिसमें यह सब है वह सत्पुरुष हैं तथा ऐसे सत्पुरुषों,उनके विचारों या सदाचारों का संग ही सत्संग है। संग का प्रभाव अवश्य पड़ता है। अच्छा संग करो, अच्छा देखो, अच्छा बोलो, अच्छा सुनो, अच्छा विचारो। सत्संग का जीवन में प्रत्यक्ष फल सेवन करते ही दिखाई देगा। दूसरों का अहित चाहने वाले या करने वाले का कभी भी हित नहीं होता है। किसी भी स्थिति, अवस्था, प्राणी, पदार्थ, वस्तु आदि से जो सुख की आशा



रखता है वह कभी सुखी नहीं हो सकता। वह सदैव निराश ही रहेगा व दुखी रहेगा । सच्चा सुख तो परमात्मा की ही शरण में है। उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने कर्तव्यों का पालन करें। इससे अधिकार प्राप्ति की लड़ाई समाप्त हो जाएगी। क्योंकि एक का कर्तव्य दूसरे का अधिकार है। वह व्यवहार औरों से ना करें जो तुम्हें अपने लिए अच्छा नहीं लगता। हम दूसरों को प्रेरणा, उपदेश या शिक्षा देने से पूर्व अपने जीवन में भी उतारें वरना उसका प्रभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु व गुरु पर पूर्ण विश्वास रखते हुए तथा अपना आत्मविश्वास बढ़ाते हुए पूर्ण लगन व निष्ठा से अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व "श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या " की जय जयकार से गूंज उठा।

# पंतनगर विश्वविद्यालय ने किसानों को बांटे धान के उन्नत बीज

## धान बीज उत्पादन की आधुनिक तकनीक पर आयोजित गोष्ठी में 150 कृषकों ने किया प्रतिभाग

पंतनगर (उद संवाददाता)। खटीमा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा धान के बीज उत्पादन की आधुनिक तकनीक विषय पर कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से कृषकों को धान की उन्नत प्रजातियों के 10-10 किलोग्राम बीज निशुल्क वितरित किए गए। गोष्ठी में किसानों को धान की उन्नत प्रजातियों के बीज उत्पादन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने बीज उत्पादन में खरपतवार नियंत्रण, रोग एवं कीट प्रबंधन, कटाई तथा कटाई के बाद रखरखाव संबंधी उपायों पर विस्तार से




जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मोर्या ने किया। उन्होंने किसानों से धान के साथ अन्य फसलों की भी वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी समस्याओं को पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के समक्ष रखें, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके और खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. एस.के. वर्मा ने कहा कि पंतनगर विश्व विद्यालय किसानों, विशेषकर छोटे एवं सीमांत किसानों की कृषि को लाभकारी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को नई तकनीकों और वैज्ञानिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से समय समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गोष्ठी में कृषि विषयक जानकारी के साथ साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। जिला कृषि अधिकारी वी.के. यादव ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं से अवगत कराया। वहीं जिला बागवानी अधिकारी ने बागवानी क्षेत्र से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने गर्मी और बरसात के मौसम में पशुओं में होने वाले रोगों तथा उनके बचाव और उपचार के उपायों के बारे में किसानों को जागरूक किया। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अजय ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में निदेशक शोध डॉ. एस.के. वर्मा, सस्य वैज्ञानिक डॉ. अजय, कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर के वैज्ञानिक डॉ. अजय प्रभाकर तथा पूर्व पादप रोग वैज्ञानिक डॉ. विश्वनाथ सहित अनेक वैज्ञानिक एवं कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# खटीमा में मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात

## जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को खटीमा भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की तथा दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने पंजाबी कालोनी पहुंचकर स्वर्गीय विवेक रघुवंशी, टनकपुर रोड स्थित आवास पर स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह चुफाल तथा राजेंद्र नगर निवासी स्वर्गीय प्रकाश रावत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने इसके बाद टीडीसी अस्थाई हेलीपैड पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा अधिकारियों को आमजन से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, नंदन सिंह खरायत, रनदीप पोखरिया, भवानी भंडारी, सतीश भट्ट, नवीन बोरा, महामंत्री रमेश जोशी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।





# नगर पंचायत पाटी चुनाव को लेकर अधिकारियों के अवकाश निरस्त

चंपावत (उद संवाददाता)। नगर पंचायत पाटी सामान्य निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और कार्यालयाध्यक्षों के अवकाश निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड की अधिसूचना के क्रम में जारी आदेश में कहा गया है कि नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक पूर्व में स्वीकृत सभी प्रकार के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त माने जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि चुनाव अवधि के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्येक कार्यदिवस के साथ साथ अवकाश के दिनों में भी अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अत्यंत अपरिहार्य या आपात स्थिति में किसी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश लेने अथवा मुख्यालय छोड़ने की आवश्यकता पड़ती है तो इसके लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना लिखित अनुमति के कोई भी कार्मिक मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



# इंजीनियरिंग से सिनेमा तक पहुंचीं डॉ. प्रज्ञा शर्मा, 'नव्य गुंजरा' से करेंगी फिल्मी शुरुआत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी करने वालीं और वर्तमान में एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ. प्रज्ञा शर्मा अब फिल्मी दुनिया में अपनी नई पहचान बनाने जा रही हैं। डॉ. प्रज्ञा शर्मा 29 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'नव्य गुंजरा' से बतौर प्रोडक्शन डिजाइनर अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कर रही हैं। शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकीं डॉ. प्रज्ञा शर्मा का यह सफर युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। एक शोधकर्ता और मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में विकसित उनकी विश्लेषण क्षमता और रचनात्मक सोच ने उन्हें प्रोडक्शन डिजाइन के क्षेत्र में भी




अलग पहचान दिलाई है। फिल्म 'नव्य गुंजरा' में उन्होंने अपने विजुअल कॉन्सेप्ट और डिजाइन के माध्यम से फिल्म की रहस्यमयी और सस्पेंस से भरपूर कहानी को प्रभावशाली रूप देने का प्रयास किया है। फिल्म के निर्माता आयुष जैन के साथ मिलकर डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने इस प्रोजेक्ट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पुलिस अधिकारी के इर्दगिर्द घूमती है, जो हत्याओं की एक रहस्यमयी श्रृंखला की जांच करता है। खास बात यह है कि इन हत्याओं को अंजाम देने वाले लोगों को स्वयं अपने अपराधों की याद नहीं रहती। यही मनोवैज्ञानिक रहस्य और सस्पेंस फिल्म को खास बनाता है। फिल्म का निर्देशन अमित दीक्षित ने किया है, जबकि इसकी कहानी और पटकथा रोहित एस. यादव ने लिखी है। फिल्म में जितेन्द्र बोहरा, तुषार कावले, क्षितिज पवार, प्रतीक्षा सिंह, संध्या गेमावत, जेसिका यादव, कैलाश चौधरी और संदीप ओंकार रावल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। डॉ. प्रज्ञा शर्मा का सिनेमा जगत में कदम रखना इस बात का उदाहरण माना जा रहा है कि प्रतिभा किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होती। इंजीनियरिंग, शिक्षण और शोध जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रहने के बाद अब उनका फिल्म निर्माण से जुड़ना युवाओं के लिए नई संभावनाओं का संदेश दे रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर फिल्म प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं पंतनगर विश्वविद्यालय से जुड़े युवाओं की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पंतनगर विश्वविद्यालय में कार्यरत समाजसेवी एवं लेखक पवन दूबे भी इस फिल्म की प्रोडक्शन टीम का हिस्सा हैं। विश्वविद्यालय से जुड़े युवाओं का राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाना शिक्षा जगत के लिए भी उपलब्धि माना जा रहा है।

# पंतनगर की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस पुरस्कार

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पादप



प्रजनन विभाग की पीएचडी शोधार्थी डॉ. तुषाद्री सिंह को उनकी थीसिस के लिए भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ द्वारा उत्कृष्ट पीएचडी शोध पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. तुषाद्री को यह सम्मान उनकी थीसिस "एडवांसिंग हीट स्ट्रेस टॉलरेंस वाया इंट्रोग्रेशन एंड जीन इंटरैक्शन स्टडीज इन ब्रेड व्हीट" के लिए फसल विज्ञान श्रेणी में प्रदान किया गया है। यह शोध कार्य विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष तथा प्रधान गेहूं एवं जौ प्रजनक डॉ. जे.पी. जायसवाल के निर्देशन में पूर्ण हुआ। यह शोधकार्य पारंपरिक पादप प्रजनन, जीन अंत:क्रिया अध्ययन एवं सीआरआईएसपीआर-कैस9 आधारित जीनोम संपादन तकनीकों के समन्वय से ब्रेड व्हीट में तापीय तनाव सहनशीलता विकसित करने पर केंद्रित था। शोध के दौरान गेहूं की विभिन्न किस्मों में तापीय तनाव के प्रति महत्वपूर्ण आनुवंशिक विविधता पाई गई, जिसके आधार पर ऐसी उन्नत इंट्रोग्रेस्ड लाइनों का विकास किया गया, जो उच्च तापमान में भी बेहतर अनुकूलन और स्थिर उत्पादन देने में सक्षम हैं। अध्ययन की प्रमुख उपलब्धि तापीय तनाव सहनशीलता हेतु गेहूं जीनों के लिए जीआरएनए डिजाइन रणनीतियों का सफल अनुकूलन है। जटिल षट्गुणित गेहूं जीनोम की चुनौतियों का समाधान इन-सिलिको विश्लेषण, लक्ष्य विशिष्टता मूल्यांकन और ऑफ-टार्गेट पूर्वानुमान के माध्यम से किया गया, जिससे सटीक जीनोम संपादन संभव हुआ। यह शोध भविष्य में बदलती जलवायु परिस्थितियों में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और गेहूं उत्पादन को स्थायी बनाए रखने में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. तुषाद्री का यह शोध कार्य भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें वहां के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुरमुथा एच.एम. ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. कश्यप ने डॉ. तुषाद्री सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।

## 'तनाव है एक धीमा जहर '



तनाव तनाव सब करते हैं ,चंगुल मे इसकी सब जकड़े हैं।
इससे बचने का करो जतन, यह है एक धीमा जहर।।
घर की चिंता मन की चिंता,
समाज और परिवार की चिंता।
यह सब करते - करते ही घुल गया है,
शरीर मे यह धीमा जहर ।।
तन पर असर, मन पर असर ,
हर कार्य पर पड़ रहा ,प्रतिकूल असर।
कोशिश करो बचने की अगर दे देता है , एक नई अकड़।।
इस अकड़ के चक्कर मे , मानव हो जाता हैं बे असर।
घर मे रहो तो चिंता, बाहर जाने पर इक नई चिंता।
तनाव है एक धीमा जहर , कर देता है, सब कुछ खघ्तम।
करो योग, ध्यान और व्यायाम,रहना हैं अगर तनाव मुक्त।
खाना पकाओं, सबको खिलाओं, नाच गाकर खुशियाँ मनाओं।
जीवन को नई राह दिखाओ।।
काँटों मे भी खिलते हैं फूल, गुलाब सा खुद को महकाओं।।
तनाव है एक धीमा जहर, इससे बचने का करो जतन।
जीवन एक परीक्षा है तो, परीक्षा दे और पास हो,
हर एक मुकाम तू प्राप्त कर।
तनाव है गर धीमा जहर, तो कंठ मे इसे रोक दे।
नीलकंठ बनकर तू , इसका संहार कर।
तनाव, बीमारी और चिंता से, मुक्त होकर, जीवन को खुशहाल कर।।
तनाव - तनाव सब करते हैं ,चंगुल मे इसकी सब जकड़े हैं।
इससे बचने का करो जतन , यह है एक धीमा जहर ।।
इस अकड़ के चक्कर मे, मानव हो जाता है, बेअसर।
डा .शशि बाला वर्मा, प्राचार्य, रा. महावि0 पोखरी पट्टी, क्वीली, टिहरी ।

# श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित : शिव

## विधायक ने टीवीएस श्रीचक्र कंपनी के बाहर लगवाया भारतीय मजदूर संघ का झंडा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।सिडकुल स्थित टीवीएस श्रीचक्र कंपनी के बाहर भारतीय मजदूर संघ का झंडा स्थापित करने को लेकर उपजे विवाद का अंत सुखद रूप से हुआ। विधायक शिव अरोरा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कंपनी गेट के बाहर भारतीय मजदूर संघ का झंडा लगवाया। झंडा स्थापित होते ही श्रमिकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और उन्होंने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। बता दें कि विगत दिनों सिडकुल प्रशासन द्वारा कंपनी गेट के बाहर से मजदूर संघ के झंडे हटा दिए गए थे, जिसे लेकर श्रमिकों में गहरा रोष था। मामला संज्ञान में आने पर विधायक शिव अरोरा ने 13 मई को जिलाधिकारी से मुलाकात की थी। उन्होंने जिला प्रशासन के रवैये पर कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि सिडकुल में दिन-रात परिश्रम करने वाले श्रमिकों के मान-सम्मान को ठेस पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक ने सवाल उठाया था कि यदि कंपनी के बाहर झंडे से अतिक्रमण होता है, तो कंपनियों द्वारा सड़क किनारे बनी पार्किंग और बड़े-बड़े बोर्ड से अतिक्रमण क्यों नहीं माना जा रहा। विधायक की कड़ी पैरवी के बाद जिलाधिकारी ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी की रिपोर्ट के बाद आज विधायक ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर झंडा स्थापित करवाया। श्रमिकों ने विधायक की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने नामुमकिन को मुमकिन कर उनके सम्मान की लड़ाई को सार्थक बनाया है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वे स्वयं श्रमिकों के मान-सम्मान और उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिकों के स्वाभिमान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। विधायक ने आश्वस्त किया कि अन्य जिन कंपनियों के बाहर से झंडे हटाए गए थे, उन्हें भी पुन: स्थापित किया जाएगा। इस दौरान भगवान बिष्ट, भुवन चंद्र पंत, सतीश कुमार, दीपक जोशी, केशर सिंह, भुवन कंडपाल, पंकज उपाध्याय, अरविन्द बिष्ट, तरुण विश्वास, आदेश कुमार, विजय चंदोला, दिगम्बर सिंह, देवेंद्र पाल, खीम सिंह, सत्येंद्र गौतम और भोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।



# खाद्य सुरक्षा विभाग का प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आम जनमानस एवं जनपद में आगंतुक पर्यटकों को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रह अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत तिकोनिया रोड, बस अड्डे के समीप, कालाढूंगी रोड एवं रामपुर रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु आटा, मसाला, बेसन, मैंगो शेक तथा दो पनीर के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इसके अतिरिक्त कुसुमखेड़ा क्षेत्र में एक खाद्य प्रतिष्ठान में अत्यधिक गंदगी एवं अस्वच्छ परिस्थितियां पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 58 के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में इस प्रकार के निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।कार्यवाही के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ए.एस. रावत एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह उपस्थित रहे।




# स्टोन रिज स्कूल में समर कैंप बना बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थी उत्साहपूर्वक विभिन्न रचनात्मक, शैक्षिक एवं खेल गतिविधियों में प्रतिभाग कर रहे हैं। विद्यालय द्वारा आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनमें नए कौशलों का विकास करना है। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, डांस, स्केटिंग, कुकिंग विदाउट फायर, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा म्यूजिक जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इन गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार कर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि में बच्चों की कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच देखने को मिली। खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक सोच को बढ़ावा मिला। डांस और म्यूजिक सत्रों ने समर कैंप के माहौल को और अधिक आनंदमय बना दिया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इन गतिविधियों से बच्चों की एकाग्रता और रचनात्मक क्षमता में वृद्धि हो रही है। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं तथा स्वरोजगार से जुड़े कौशलों की भी जानकारी दी जा रही है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि समर कैंप बच्चों के लिए सीखने, मनोरंजन और नई प्रतिभाओं को पहचानने का यादगार अनुभव साबित हो रहा है। आगामी दिनों में भी विद्यार्थियों के लिए कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।







# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टॉफी बांटकर किया प्रदर्शन


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पेट्रोल डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के खिलाफ मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के अनेकों पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर मेलोडी टॉफी बांटकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पेट्रोलियम मंत्री के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस जनों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि महज 10 दिनों में ही तेल कंपनियों द्वारा चार बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाए जा चुके हैं। लगातार बढ़ती कीमतों से देश में महंगाई का बड़ा संकट खड़ा हो रहा है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है, क्योंकि ट्रांसपोर्टेशन महंगा होने से खाने-पीने की वस्तुओं, किराने के सामान, दवाइयों, यात्रा और रोजमर्रा की जरूरत के सामानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज आम आदमी महंगाई से त्रस्त है और हर वर्ग में त्राहि-त्राहि मची हुई है, मगर केंद्र सरकार महंगाई पर पूरी तरह चुप्पी साध हुए है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल सस्ता था तब केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई राहत नहीं दी, लेकिन अब जैसे ही कीमतों में बढ़ोतरी हुई है तो जनता पर भारी बोझ डाला जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। यदि जल्द ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ राज बेहड, गौरव खुराना, मोनिका ढाली, तरुण नेगी, चेतन भट्ट, शुभम दास, गणेश यादव, राजेंद्र मिश्रा, राहुल सागर, अनंत विश्नोई, चंद्र प्रकाश, हरीश कुमार, विक्की विर्क, राकेश कोली, राकेश अधिकारी, शाहिद सहित अनेकों कांग्रेस जन उपस्थित थे।




# मुंबई काठगोदाम सुपरफास्ट ट्रेन अब नियमित चलेगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट के प्रयासों से मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट ट्रेन को अब नियमित संचालन की मंजूरी मिल गई है। श्री भट्ट ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। रेलवे प्रशासन ने पूर्व में विशेष गाड़ी के रूप में संचालित 09075/ 09076 मुंबई सेंट्रल- काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट ट्रेन को नियमित ट्रेन संख्या 21907/21908 के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। श्री भट्ट ने इस ट्रेन के नियमित संचालन को लेकर कई बार रेल मंत्री से मुलाकात कर कुमाऊं क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए इसे स्थायी रूप से चलाने की मांग उठाई थी। उनके प्रयासों का संज्ञान लेते हुए रेलवे मंत्रालय ने अब इस ट्रेन को नए नंबर के साथ नियमित रूप से संचालित करने का फैसला किया है।रेलवे के अनुसार 21907 मुंबई सेंट्रल काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन 27 मई 2026 से प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से किया जाएगा। ट्रेन मुंबई सेंट्रल से सुबह 10:55 बजे रवाना होकर दूसरे दिन हल्द्वानी पहुंचते हुए दोपहर 1:50 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। वहीं वापसी में 21908 काठगोदाम- मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 28 मई 2026 से प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम से शाम 5:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 9:00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। वहीं वापसी में 21908 काठगोदाम मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 28 मई 2026 से प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम से शाम 5:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 9:00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन हल्द्वानी, लालकुआं, किच्छा, बहेड़ी, बरेली, मथुरा, कोटा, रतलाम, वडोदरा और सूरत सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी।रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें सामान्य श्रेणी, शयनयान, एसी थर्ड और एसी सेकेंड श्रेणी के कोच शामिल रहेंगे।कुमाऊं क्षेत्र के यात्रियों और मुंबई में रहने वाले उत्तराखंडवासियों के लिए इस ट्रेन का नियमित संचालन बड़ी राहत माना जा रहा है।






# बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट, ड्रोन से होगी निगरानी

## चार चिन्हित स्थलों पर ही होगी सांकेतिक कुर्बानी, निगरानी के लिए बनाई गई टीमें, बैठक में बनाई गई रूपरेखा

रुद्रपुर। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर नगर निगम सभागार में पुलिस प्रशासन, नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बकरीद के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नियम उल्लंघन और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को रोकने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए, जिनमें सबसे प्रमुख निर्णय कुर्बानी स्थलों की ड्रोन से निगरानी कराने का रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस बार निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही या उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों तथा नगर निगम द्वारा जारी एसओपी के अनुपालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि शहर में केवल चार पारंपरिक और चिन्हित स्थलों पर ही कुर्बानी की अनुमति होगी। इनमें खेड़ा, आदर्श कॉलोनी, सीरगोटिया और सुभाष कॉलोनी शामिल हैं। महापौर ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक स्थल पर केवल एक ही सांकेतिक कुर्बानी होगी तथा किसी भी स्थान पर एक से अधिक कुर्बानी की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी कुर्बानी स्थलों पर ड्रोन के माध्यम से डिजिटल निगरानी



की जाएगी। इसके अलावा पुलिस बल, सिविल अधिकारियों और नगर निगम कर्मचारियों की विशेष तैनाती भी रहेगी, जो पूरे समय निगरानी करेंगे। कुर्बानी प्रक्रिया कुर्बानी निगरानी समिति की देखरेख में संपन्न कराई जाएगी ताकि नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि घरों के भीतर बच्चों के सामने कुर्बानी देने की परंपरा को इस बार रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही यदि किसी क्षेत्र में घरों के आसपास या नालियों में खून बहता दिखाई दिया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम और प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी करेंगी तथा स्वच्छता व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने आम जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि "यह देवभूमि है और इसे बूचड़खाना नहीं बनने दिया जाएगा। देवभूमि की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों के अनुरूप हिंसा की भावना और अव्यवस्थाओं को सख्ती से रोका जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जिस प्रकार बड़े जानवरों की बलि दी जाती थी, अब उस पर रोक है और प्रशासन इसे लेकर पूरी तरह गंभीर है। बैठक में मौजूद एडीएम ने कहा कि न्यायालय और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देशित कर दिया गया है। प्रशासन का प्रयास है कि बकरीद के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे, स्वच्छता प्रभावित न हो और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे ताकि पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

# पेंशन भुगतान में देरी पर विधायक ने डीएम से की मुलाकात

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के भुगतान में हो रही देरी को लेकर विधायक शिव अरोरा ने मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में पेंशनधारक महिलाएं, बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन भी मौजूद रहे। विधायक ने तीन माह से पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए इसे अतिनिर्धन परिवारों के लिए गंभीर समस्या बताया। विधायक शिव अरोरा ने जिलाधिकारी को बताया कि जिले भर में हजारों ऐसे जरूरतमंद लोग हैं, जिनका जीवनयापन मुख्य रूप से वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से पूर्व से ही कई लाभार्थियों के खातों में



पेंशन नहीं पहुंची है, जिससे गरीब परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संचालित यह पेंशन योजना निर्धन और जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत का माध्यम है। ऐसे में लंबे समय तक पेंशन नहीं मिलने से गरीब परिवारों के सामने दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो जाता है। विधायक ने मामले को गंभीरता से उठाते हुए तत्काल समाधान की मांग की। विधायक की बात को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने जिला समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि अगले 48 घंटे के भीतर वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन की धनराशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा मामले में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है और उम्मीद है कि अगले 48 घंटे में सभी पात्र पेंशनधारकों के खातों में पेंशन पहुंचनी शुरू हो जाएगी। इस दौरान एडीएम पंकज उपाध्याय, सुमन देवी,पुष्पा,सरोज,रामवती, राम किशोर,प्रभु दयाल, रेखा देवी, अल्का, ममता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# किशोरी को अगवा कर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने क्षेत्र से एक किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा कर ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 13 मई को कोतवाली ट्रांजिट कैम्प में एक व्यक्ति द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के घर से लापता होने संबंधी सूचना दी गई थी। तहरीर के आधार पर सूचना दर्ज कर गुमशुदा बालिका की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित की गई। जांच में पता चला कि नाबालिग को अभियुक्त लवकुश द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। पुलिस टीम ने लवकुश पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी वार्ड 10, ट्रांजिट कैम्प को



मोदी मैदान क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने नाबालिग बालिका को अपने साथ ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने गिरफ्तार लवकुश के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## त्विषा शर्मा की मौत

इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी आपराधिक घटना की निष्पक्ष और गहन जांच-पड़ताल के बाद ही कोई निष्कर्ष सामने आता है तथा उसी आधार पर कानूनी प्रक्रिया न्याय के निष्कर्ष तक पहुंचती है। इस बीच अगर आरोप और कार्रवाई के दौरान न्याय की मांग बाधित होती दिखती है, तो उसके लिए जिम्मेदार कारकों पर बहस होती है। मध्य प्रदेश के भोपाल में त्विषा शर्मा की मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई को लेकर जैसी स्थितियां देखी गई, उसमें कई सवाल उठे। त्विषा के परिवार ने उनकी मौत को दहेज के लिए की गई हत्या बताया और आरोप लगाया कि घटना से संबंधित सबूतों को मिटाने की कोशिश की गई।इसके अलावा, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने के आरोप लगे और यह भी कहा गया कि प्रभावशाली लोग मामले की जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, त्विषा की मौत के बाद प्राथमिकी दर्ज करने में तीन दिन तक टालमटोल की गई और घटना से संबंधित सबूतों को संभालकर सुरक्षित रखने में पुलिस नाकाम रही। जाहिर है, यह या तो पुलिस के कामकाज में व्याप्त लापरवाही का ही एक और उदाहरण है या फिर किसी के प्रभाव में ऐसा हुआ।दरअसल, त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। जहां से न्याय की उम्मीद होती है, अगर वहीं के ढांचे पर कोई सवाल उठता है, तो यह समूची न्यायपालिका के लिए एक असुविध ाजनक तस्वीर है। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले में स्वत: संज्ञान लिया। सोमवार को इस पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस विमर्श से व्यथित है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़ित पक्ष और उनके परिजनों तथा अभियुक्तों से कहा कि वे मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर बयान देने के बजाय अपनी बात जांच एजेंसी के सामने दर्ज कराएं, ताकि जांच पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

# अधिकारी जनसमस्याओं का तुरंत करें समाधान : कैड़ा

भीमताल (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग,जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई विभाग,नगर पालिका परिषद भीमताल के अधिकारियों की बैठक ली! जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समस्याओं को सुना। मंत्री कैड़ा ने जल संस्थान व जलनिगम के अधिकारियों को कहा भीमताल विधानसभा के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल मै कई गाँव में पानी की समस्या बनी है। उन्होंने पानी की समस्या का समाधान करने, पेयजल हेतु पानी के टैंकर भेजनें, जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री कैड़ा ने लोनिवि के विभाग के



अधिकारियो से खराब मोटर मार्गो पर डामरीकरण का आगणन तैयार कर शासन को भेजनें को कहा। जिन जिन मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य किया जाना है। स्वीकृति कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका भीमताल के अधिकारियों को भीमताल नगर के कूड़ा निस्तारण कर गाड़ियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। सिचाई विभाग के अधिकारियो को भीमताल झील के शिल्ट की सफाई व सौन्दर्यरीकरण कार्य की योजना बनाने के निर्देश दिए। मंत्री कैड़ा ने सभी विभाग के अधिकारियो को कहा निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष कमल जोशी, जिला मंत्री मनोज भट्ट,अनिल चनोतिया, लोनिवि विभाग के अधिकारी,जल निगम, जल सस्थान, भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# सीएसआर निधि से जिले में होंगे सौंदर्यीकरण और जनहित के कार्य

भीमताल (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे की अध्यक्षता में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व निधि से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी जनहित कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित वाजपेयी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जिले के सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत पूर्व में कराए गए एवं



वर्तमान में संचालित कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। समीक्षा के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने जिले के विकास और जनहित से जुड़े कई नए कार्य विभिन्न बैंकों को आवंटित किए। इनमें नैनीताल जिले का सौंदर्यीकरण, सौर ऊर्जा लाइट लगाने, बाड़बंदी, वाहनों की व्यवस्था, वन्यजीवों के लिए पिंजरा स्थापना तथा शिक्षा क्षेत्र में सहयोग से जुड़े कार्य प्रमुख रूप से शामिल हैं। बैठक में विशेष रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा को तिकोनिया चौराहे के सौंदर्यीकरण और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं केनरा बैंक को काठगोदाम चौराहे के सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव का दायित्व दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे ने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि उन्हें आवंटित कार्य तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

# महापौर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

## आर्थिक रूप से कमजोर टॉपर्स को नगर निगम देगा स्कॉलरशिप: विकास शर्मा







रुद्रपुर। नगर निगम सभागार में सोमवार को आयोजित भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे सभागार में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान महापौर ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके भविष्य, शहर की व्यवस्थाओं और शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपने सुझाव रखे और शहर में डिजिटल लाइब्रेरी, कैरियर काउंसिलिंग सेंटर, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था तथा युवाओं के लिए अध्ययन सुविधाएं बढ़ाने के सुझाव दिये। महापौर विकास शर्मा ने बच्चों के सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि नगर निगम केवल सड़क, नाली और सफाई तक सीमित संस्था नहीं है, बल्कि शहर के भविष्य को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी नगर निगम की है। उन्होंने कहा कि शहर के मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम हरसंभव सहयोग करेगा। महापौर ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नगर निगम की ओर से स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न बन सके। इसके साथ ही नगर निगम मेधावी विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण (एजुकेशनल टूर) भी आयोजित करेगा, जिससे बच्चों को नई तकनीक, संस्थानों और आधुनिक व्यवस्थाओं को करीब से देखने और सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल किताबी शिक्षा ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और सही मार्गदर्शन की



भी आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से नगर निगम भविष्य में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम भी आयोजित करेगा, जिसमें विशेषज्ञ बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रोफेशनल कोर्स, रोजगार और करियर विकल्पों की जानकारी देंगे। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में युवाओं के लिए नई संभावनाएं तैयार की जा रही हैं। धामी सरकार ने प्रदेश में नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाया है और हजारों युवाओं को निष्पक्ष तरीके से रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि "आज का युवा देश का भविष्य ही नहीं बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि बच्चों को सही दिशा, संसाधन और प्रोत्साहन मिले तो वे देश और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। नगर निगम रुद्रपुर के बच्चों को हर संभव मंच और सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य स्पष्ट रखें और समय का सही उपयोग करें। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया और अनावश्यक गतिविधियों से बचते हुए अध्ययन एवं व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। नगर आयुक्त ने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का दौर है, इसलिए विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, संवाद कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी बच्चों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें सकारात्मक वातावरण देने की अपील की। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी शवेद आलम, बरीत सिंह, पार्षद चिराग कालरा, रवि सिडाना, मानविंदर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सम्मानित होने वालों में प्राची मटेला, ईशिता सैनी, आस्था यादव, सिमरन शर्मा, हर्षिता जोशी, रितु धामी, सृष्टि पाल, अतुल्य यादव, अनस अहमद, विष्णु गुप्ता, हेमंती चौहान, अनुज कुमार, रक्षित जोशी, प्रदीप कुमार, नवनीत मेहरा, सम्पदा तिवारी, शोभित अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, केशव वर्मा, श्रुति पाठक, सगुन जलहोत्रा, गुरनूर कौर, रिद्धि मिड्डा, कशिश सिंह, अंश श्रीवास्तव, माही सिंह, प्रत्युष कुमार नंदा, हरमनप्रीत कौर, कशिका डसीला, सक्षम शर्मा, सिद्धि परमार, आस्थामनी तिवारी, अली अब्बास, दिव्यांश मेहरा, पलक सैनी, तपस्या सिरोही, भारती गंगवार, संध्या, अर्पित यादव, माही रौतेला, अमृत शर्मा, आरव गुप्ता, अश्विनी अरोरा, हर्षिता पनेर, अवनी बोरा, नव्या सिंह, जय जोशी, आयशा भट्ट, विदुद मेहरा, अंकुश डिबिटिया, नैतिक जोशी, दिव्यांजलि बानू, मो. अंसार, सोमेश कुमार, सिद्धांत इशुपुजानी, आर्यन सागर, गरिमा भण्डारी, खुशी, माही शर्मा, अनभि शिवोतारा, अमन गंगवार, जितेंद्र कुशवाहा, स्वायम मिश्रा, दीक्षा रस्तोगी, कशिश वर्मा, सिद्धू परमार, सरगेटा, आदित्य, प्रखर अग्रवाल, नवनीत मेहरा, अंशिका अग्रवाल, रिद्धि मिड्डा, कशिश सिंह, अंश श्रीवास्तव, सक्षम शर्मा, आस्थामनी तिवारी, पलक सैनी, माही रौतेला, अमृत शर्मा, अश्विनी अरोरा, हर्षिता पनेर, अवनी बोरा, नव्या सिंह, जय जोशी, आयशा भट्ट, नैतिक जोशी, दिव्यांजलि बानू, आर्यन सागर तथा अन्य मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल रहे।





# गिरिजा देवी मंदिर परिसर में हनुमान जी की मूर्ति रखने का विरोध

रामनगर (उद संवाददाता)। प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर परिसर में बिना अनुमति हनुमान जी की मूर्ति रखे जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर समिति ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए एसडीएम एवं कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. निशांत पपनै समेत कई पदाधिकारी एसडीएम गोपाल सिंह चौहान से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। समिति का आरोप है कि सोमवार देर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच कुछ लोगों द्वारा मंदिर परिसर में बिना अनुमति हनुमान जी की मूर्ति रख दी गई। मंदिर समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से मंदिर की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और कुछ लोग माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। समिति के अनुसार



जब मंगलवार सुबह मंदिर के पुजारियों और पदाधिकारियों को इस घटना की जानकारी मिली तो मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में कुछ लोगों की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दीं। समिति ने आरोप लगाया कि करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी तथा उनके साथ मौजूद कुछ अन्य लोगों द्वारा मंदिर परिसर में बिना अनुमति मूर्ति रखी गई, जो पूरी तरह अनुचित है। समिति ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही कोतवाली पुलिस को भी तहरीर सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि करणी सेना की ओर से पूर्व में एक प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें मंगलवार सुबह नौ बजे मंदिर परिसर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि देर रात गुपचुप तरीके से मूर्ति रखे जाने का मामला गंभीर है और इसकी जांच कराई जा रही है। एसडीएम ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए वन विभाग एवं कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया गया है। प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

# लोहाघाट के दूरस्थ गांवों में पहुंचेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

लोहाघाट (उद संवाददाता)। जनपद चम्पावत के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1 जून 2026 से लोहाघाट विकासखंड में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए इस कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि इन शिविरों में ग्रामीणों को ब्लड टेस्ट, शुगर जांच और एक्स-रे सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की सुविधाएं उनके घर के निकट ही उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान करना है ताकि ग्रामीणों को उपचार के लिए दूरस्थ अस्पतालों के चक्कर न काटने पड़ें। 1 जून को भुमलाई, 2 जून को कुलाली एवं पुंडिल, 3 जून को पाटन-पाटनी, 4 जून को दुर्गाओं तथा 5 जून को खुना मलक, कफलेख एवं खुना में शिविर लगेंगे। 6 जून को कोलीढेक, 7 जून को एबट माउंट, 8 जून को खैसकांडे, 9 जून को बनगांव एवं फोर्ती तथा 10 जून को मझपीपल एवं जमरासों में जांच की जाएगी। इसके बाद 11 जून को मझेडा, 12 जून को लेटी एवं बगोटी, 13 जून को खावागढ़, 14 जून को लोहाघाट रेंज तथा 15 जून 2026 को जाख में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुंचकर निःशुल्क जांच व उपचार सुविधाओं का लाभ उठाएं।

# अतिक्रमण और मनचलों के खिलाफ जल्द चलेगा अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर कोतवाली में बुधवार को नव नियुक्त कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अखलेश कुमार ने पत्रकारों के साथ परिचय बैठक आयोजित की। बैठक में नगर की कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है तथा जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान संभव हो सकता है। बैठक में नगर क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने कहा कि बाजार एवं मुख्य मार्गों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ शीघ्र अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण आम जनता को जाम और आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए नियमित अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही लोगों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अखलेश कुमार ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के बाहर घूमने वाले मनचले एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। ऐसे तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बैठक में मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल, जय कृष्ण अरोड़ा, उमर अली, विपुल प्रजापति, संजीव गायन, सुरजीत बत्रा, नितिन छाबड़ा, ठाकुर रामपाल सिंह, सतीश बत्रा, जसपाल डोगरा, राजकुमार चावला, बाबा देवेंद्र सिंह, महेंद्र पाल, अमरजीत सिंह सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।



# नानकमत्ता क्षेत्र में मिट्टी परमिशन की आड़ में धड़ल्ले से चल रहीं बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रालियां

नानकमत्ता। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से मिट्टी खनन और सप्लाई का कार्य प्रशासनिक परमिशन की आड़ में बड़े पैमाने पर किए जाने का मामला सामने आ रहा है। आरोप है कि ग्राम सुनखरी टावर के पास तथा झनकट ग्रामीण क्षेत्र से दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से मिट्टी बाजार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है। इनमें कई ट्रैक्टर-ट्रालियां बिना नंबर की चल रही हैं, जबकि कुछ वाहनों के नंबर प्लेट को जानबूझकर ढक दिया गया है या आधे-अधूरे नंबर लिखे गए हैं, ताकि उनकी पहचान न हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों को ताक पर रखकर दिनभर मिट्टी ढुलाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से कोई ठोस




कार्रवाई नहीं की जा रही। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि ऐसे बिना पहचान वाले वाहनों से कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। लोगों का आरोप है कि मिट्टी ढुलाई के लिए सीमित संख्या में ट्रालियों की अनुमति दी जाती है, लेकिन मौके पर दर्जनों ट्रैक्टर- ट्रालियां लगातार संचालित हो रही हैं। इससे मिट्टी माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। इससे ग्राम सरोजा, कैथूलिया में बड़े पैमाने पर मिट्टी का कार्य हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि वह वर्तमान में अवकाश पर हैं तथा मामले से नायब तहसीलदार को अवगत करा दिया गया है।

## सितारगंज में एसडीएम की तैनाती न होने से बढ़ रहा मिट्टी का खनन

नानकमत्ता। सितारगंज क्षेत्र में पिछले दो माह से एसडीएम की तैनाती न होने के कारण मिट्टी की परमिशन बिना किसी मानक के धड़ाधड़ हो रही है। प्रशासन से साठ गांठ कर मिट्टी का कार्य करने वाले बिना कोई प्रक्रिया के मिट्टी की परमिशन लेकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वर्तमान में सितारगंज परगना का चार्ज खटीमा के एसडीएम तुषार सैनी के पास है।

## पेज एक का शेष...

**प्रशासन की सख्ती के बावजूद...**पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। तय किया गया है कि कुर्बानी सोकेतिक होगी और डिजिटल निगरानी में की जायेगी। किसी भी घर में या खुले में कुर्बानी की इजाजत नहीं दी जायेगी। बैठक में यह भी कहा गया कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ड्रोन निगरानी, अतिरिक्त पुलिस बल और विशेष टीमों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन की ओर से साफ किया गया है कि शहर का माहौल खराब करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नगर निगम प्रशासन की ओर से जारी की गयी एसओपी का पूरी तरह पालन कराया जायेगा। प्रशासन की इन तैयारियों के बीच शहर में कुर्बानी के लिए बड़ी संख्या में भारी भरकम भैंसों के पहुंचने के बाद लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब प्रशासन लगातार सीमित और सांकेतिक व्यवस्था लागू करने की बात कर रहा है तो फिर बड़ी संख्या में जानवरों को क्यों लाया गया है। क्या कुछ लोग प्रशासन के आदेश को चुनौती देना चाहते है? दरअसल प्रशासन की चिंता का एक बड़ा कारण स्वच्छता और कानून व्यवस्था भी मानी जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि यदि बड़े स्तर पर कुर्बानी होती है और सार्वजनिक स्थानों या नालियों में खून एवं गंदगी दिखाई देती है तो इससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो सकता है। इसी वजह से प्रशासन पहले ही साफ कर चुका है कि खुले में गंदगी फैलाने अथवा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब सभी की नजर प्रशासन और नगर निगम की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। देखने वाली बात यह होगी कि घोषित गाइडलाइन और व्यवस्थाओं का पालन किस स्तर तक सुनिश्चित कराया जाता है।

**हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान...** राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। एसडीजी अचीवर्स अवार्ड जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैंडा, महापौर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, दर्जा मंत्री गंगा बिष्ट, अनिल शाही, मनोज पंत, प्रमुख सचिव नियोजन डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

**खड़े ट्रक में भीषण..**पैदा हो गई थी। आग की चपेट में उसी मालिक का एक अन्य ट्रक भी आ गया, जिसके अगले हिस्से में हल्की आग लग गई। हालांकि दमकल विभाग की तत्परता से आग को तुरंत बुझा लिया गया। वहीं आसपास खड़े अन्य वाहनों को भी तेजी से सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया। जिन ट्रकों के चालक और मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे, उन्हें स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से क्रेन के जरिए हटाया गया। समय रहते वाहनों को हटाए जाने से बड़ा नुकसान टल गया। ट्रक मालिक जाहिद हुसैन ने बताया कि उनका एक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया, जबकि दूसरे ट्रक को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि ट्रक का बीमा कराया गया है तथा उन्होंने विभाग और इंश्योरेंस कंपनी से नुकसान की भरपाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुका था। आग बुझाने के दौरान कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित रहा। प्राथमिक अनुमान के अनुसार घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ हो सकता है। पुलिस और फायर विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

**बस की चपेट में आने से ....**के चालक ने कथित लापरवाही से वाहन चलाते हुए महिला को बस के अगले दाहिने टायर से कुचल दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल प्राथमिक चिकित्सालय गौचर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी मानवेंद्र गुसाईं ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं अन्य कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं आरोपी चालक मितेश कुमार मोदी निवासी मेहसाना, गुजरात को गिरफ्तार कर संबंधित बस को सीज कर दिया गया है। घटना के बाद दोनों बसों में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बसों के माध्यम से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

**सोबन सिंह जीना ...**विश्वविद्यालय उत्तराखंड के उच्च शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और नया प्रशासनिक भवन विश्वविद्यालय के संचालन को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से युक्त यह भवन विश्वविद्यालय के भविष्य के विस्तार और शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा देगा। बताया गया कि करीब पांच वर्ष पूर्व अस्तित्व में आए सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की प्रशासनिक गतिविधियां अब तक एसएसजे परिसर के समीप स्थित पुराने भवन से संचालित हो रही थीं। सीमित स्थान और संसाधनों की कमी के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद नए प्रशासनिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अब चरणबद्ध तरीके से प्रशासनिक कार्यालयों की शिफ्टिंग शुरू की जाएगी और भविष्य में सभी प्रशासनिक गतिविधियां नए भवन से संचालित होंगी। विश्वविद्यालय परिवार ने नए भवन के लोकार्पण को संस्थान के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

**जंगल की आगें ...**में सामने आई, जहां जंगल की आग में एक महिला झुलस गई। घायल महिला कश्मीरा देवी को उपचार के लिए कर्णप्रयाग उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही जंगल की आग की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है।

# इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। 23 मई से 26 मई तक आयोजित इस समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक, शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए पपेट शो, स्टोरी टेलिंग, इंडोर गेम्स, डांस, एस्ट्रो एक्टिविटी, आर्ट एंड क्राफ्ट, मूवी टाइम तथा आइसक्रीम पार्टी जैसी अनेक आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के



माध्यम से बच्चों ने मनोरंजन के साथ साथ नई जानकारियां भी प्राप्त कीं और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. दीपक बल्यूटिया, प्रबंधिका डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्य ममता तनेजा तथा कोऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को भीषण गर्मी के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह भी दी। प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मानसिक, सामाजिक एवं रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेल, कला और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना भी आवश्यक है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पद्मभूषण से सम्मानित होकर रुद्रपुर पहुंचे कोश्यारी, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

रुद्रपुर। दिल्ली में पद्मभूषण से सम्मानित होने के बाद पहली बार रुद्रपुर पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, शॉल ओढ़ाकर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने "भगत दा" के समर्थन में जमकर नारे लगाए।कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी ने विधायक से लेकर सांसद, मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए देश और प्रदेश की सेवा की है। उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को देखते हुए पद्मभूषण से सम्मानित किया जाना पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है।रामपुर रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में कोश्यारी से मिलने का खास उत्साह दिखाई दिया। भगत सिंह कोश्यारी ने भी कार्यकर्ताओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कोश्यारी का हमेशा से जमीनी कार्यकर्ताओं से विशेष लगाव रहा है और यही कारण है कि आज भी वे हर कार्यकर्ता से सहजता के साथ मिलते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, राकेश सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, रोशन अरोड़ा, श्वेता मिश्रा,तरुण दत्ता, प्रीत ग्रोवर, सुरेश कोली, मीना शर्मा, फरजाना बेगम, केके त्रिपाठी, धीरेंद्र मिश्रा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# मोदी सरकार का 12 वर्ष का कार्यकाल विकास व जनकल्याण को समर्पित : चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षीय कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने इस दौरान जनहित में अनेक ऐतिहासिक और साहसिक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विकास, राष्ट्रहित और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कीं, जिनका लाभ देश की करोड़ों जनता को मिल रहा है। जारी बयान में भारत भूषण चुघ ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और तभी से देश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने और ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेकर मजबूत नेतृत्व का परिचय दिया। इसके साथ ही करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का सपना भी साकार हुआ है। भारत भूषण चुघ ने कहा कि केंद्र सरकार की जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर जल योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से देश के गरीब, किसान, महिला और जरूरतमंद वर्ग को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के साथ साथ देश के कई राज्यों में भी भाजपा की सरकारें कार्य कर रही हैं, जिससे डबल इंजन सरकार के माध्यम से विकास कार्यों को और अधिक गति मिली है। चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार देश को आत्मनिर्भर और विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा आने वाले समय में भी जनहित में बड़े और प्रभावी निर्णय लिए जाते रहेंगे।




# मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं जनसमस्याएं

## किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को लोहियाहेड हेलीपैड पहुंचकर आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्य मंत्री ने अधिकारियों को जन समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय लोगों से संवाद कर सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसानों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि कार्यों के दौरान किसानों को खाद एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा जींज राज्य सरकार विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जनता के साथ लगातार संवाद बनाए रखने और समस्याओं के समाधान के लिए नियमित रूप से फील्ड में सक्रिय रहने को भी कहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, गोविंद टम्टा, डॉ. नवीन भट्ट, अमित कुमार पांडे, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# कांग्रेसियों ने पुण्य तिथि पर पंडित नेहरू को किया नमन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सिटी क्लब पहुंचे और नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जीवन राष्ट्र सेवा और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखने का कार्य किया, जिसके परिणाम आज हम विकास के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू जी के विचार आज भी देश को एक सूत्र में पिरोने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रासंगिक हैं। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि पंडित नेहरू ने विज्ञान, शिक्षा और तकनीकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था। उनकी दूरदर्शी नीतियों के कारण ही आज भारत विश्व मंच पर अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नेहरू जी के बताए रास्ते पर चलकर देश और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों और युवाओं के प्रति अत्यधिक स्नेह रखते थे। उनका यह मानना था कि देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में नेहरू जी के शांति और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना कांग्रेस की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर पार्षद जितेश शर्मा, पार्षद गौरव खुराना, जमुना प्रसाद कोली, किशन टम्टा, सतीश कुमार, विजय गुप्ता, राहुल, बबलू सागर, देवेन्द्र कुमार, प्रीति साना, ज्योति टम्टा, मोहन कुमार, जयदेव मिस्त्री, सपन, सुनील चुघ, बाबू विश्वकर्मा, दिनेश कोली, राम सेवक कोली, अनुज दीक्षित और ललित बिष्ट सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

